नव भारत टाईम्स (Nav Bharat Times)

दिनाँक (Dated): 11.03.2024 | पृष्ठ सं0 (Page No). 04 | क्रम सं0(Serial No.) 7

55 वर्षों से देश की सेवा में अग्रणी कार्य कर रहा है सीआईएसएफ-आनंद

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 55वां स्थापना दिवस समारोह 12 को, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय होंगे मुख्य अतिथि

नवभारत रिपोर्टर । भिलाईनगर।

वर्ष 1969 में स्थापित सीआईएसफ 55 वर्षों से देश की सेवा में अग्रणी कार्य रहा है। इन 55 वर्षों में सीआईएसएफ की विश्वसनीय और क्षमता में कई गुना वृद्धि हुई है। आज पूरे देश में 177000 से अधिक बल पूरी मजबूती के साथ देश के बंदरगाहो, परमाणु और अंतरिक्ष प्रतिष्ठानों, दिल्ली मेट्रो इस्पात और संयंत्र सहित 358 प्रतिष्ठानों, 68 हवाई अड्डे को सुरक्षा कवच प्रदान कर रहा है ।

यह बातें पत्रवार्ता में स्पेशल डीजी पीयूष आनंद ने कही। उन्होंने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 55 वें स्थापना दिवस के अवसर पर

सीआईएसएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र उतई भिलाई में 12 मार्च को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया है । इस समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय होंगे। स्पेशल डीजी पीयूष आनंद ने बताया कि अपराध की रोकथाम के लिए भी वर्ष 2023 से जनवरी 2024 तक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने कुल 6596 प्रकरण का निराकरण किया गया है,जिसमें 1401 अपराधियों को पकड़ा गया है एवं 25 करोड़ 5 लाख 32 हजार 903 रुपए की संपत्ति बरामद की है। एडीजी नॉर्थ कुंदन कृष्णानंदन,एडीजी साउथ जगबीर सिंह एवं आईजी भिलाई संजय प्रकाश उपस्थित थे।

आत्महत्या का प्रयास कर रहे 13 लोगों की जान बचाई

स्पेशल डीजी ने बताया कि सीआईएसएफ ने दिल्ली मेट्रो में सराहनीय कार्य करते हुए आत्महत्या का प्रयास कर रहे 44 लोगों में से 13 लोगों की जान बचाई गई और 25 को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। खेल के क्षेत्र में भी सीआईएसएफ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वर्ष 2023 से वाट्सऐप से जनवरी 2024 तक अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय आयोजनों में सीआईएसएफ के खिलाड़ियों ने कुल 69 स्वर्ण 43 रजत एवं 44 कांस्य पदक जीते हैं।

सेवाएं देते हुए कुल 686.11 करोड रु. की संपत्ति बचाई

स्पेशल डीजी पीयूष ने कहा कि पिछले 5 वर्षों के दौरान सीआईएसफ फायर विंग के द्वारा कल 16118 फायर कॉल अटेंड किए गए हैं और इस दौरान अपनी सेवाएं देते हुए कुल 686.11 करोड रुपए की संपत्ति बचाई गई है।

68 हवाई अड्डों में सीआईएसएफ की सेवाएं

स्पेशल डीजी पीयूष आनंद ने बताया कि देश में 68 हवाई अड्डों में सीआईएसएफ सेवाएं प्रदान कर रहा है। हवाई अड्डा में कार्य करते हुए सीआईएसएफ ने वर्ष 2023 से जनवरी 2024 तक 63.83 करोड रुपए की प्रॉपर्टी बरामद की गई है जिसमें से 9.17 करोड रुपए की संपत्ति संबंधितों को प्रदान की गई है। शेष 54.66 करोड रुपए की संपत्ति एयरपोर्ट ऑपरेटर को दी है।